


नवभारत
इंदौर, गुरूवार, 18 जून, 2026




एक नजर में

## विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए किया प्रोत्साहित



**महू .** मध्य प्रदेश शासन के स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, इंदौर संभाग डॉ. किरण बाला सलूजा ने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सिमरोल में विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए. विद्यार्थियों द्वारा भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया. इस अवसर पर डॉ. सलूजा ने विद्यार्थियों को स्कूल में अध्ययन के लिए प्रेरित कर अच्छा नागरिक बनने की सलाह दी.

## गंदगी व प्रदूषण से जानापाव कुंड में मर रही मछलियां



**महू .** भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव स्थित पवित्र कुंड में बड़ी संख्या में मछलियों के मरने का मामला सामने आया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भीड़ के बाद कुंड में बढ़ी गंदगी और कचरे के कारण यह स्थिति बनी है. लोगों ने प्रशासन से तत्काल सफाई अभियान चलाने और जल संरक्षण के उपाय करने की मांग की है. स्थानीय लोगों और मंदिर के पुजारी के अनुसार, पानी प्रदूषित होने से कुंड में मछलियों के मरने की घटनाएं सामने आ रही हैं. अमावस्या के बाद से मृत मछलियां लगातार दिखाई दे रही हैं. पुजारी ने बताया कि कई जीवित मछलियों को बचाने के लिए उन्हें कुंड से निकालकर पास के एक कुएं में छोड़ा गया है. उनका कहना है कि यदि समय रहते सफाई और पानी की गुणवत्ता सुधारने के उपाय नहीं किए गए तो और अधिक मछलियों की मौत हो सकती है. स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया कि धार्मिक महत्व होने के बावजूद कुंड की नियमित सफाई और निगरानी नहीं हो रही है. उन्होंने प्रशासन से कुंड की तत्काल सफाई कराने के कोई कदम उठाने की मांग की है.

## गौशाला घाट पर सफाई के बाद छूटे गहरे गड्ढे



**महू .** नगर के ऐतिहासिक गौशाला घाट पर चलाए गए नदी सफाई अभियान के बाद बड़ी लापरवाही सामने आई है. अभियान के दौरान घाट के बिल्कुल किनारे अत्यधिक गहरे गड्ढे खोदकर छोड़ दिए गए हैं. इससे यहां आने वाले आम नागरिकों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को गंभीर खतरा पैदा हो गया है. स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर सुधारात्मक कार्रवाई करने की मांग की है. स्थानीय नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि आने वाले दिनों में यहां विभिन्न धार्मिक आयोजन और मूर्ति विसर्जन होंगे. इन आयोजनों के दौरान घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है. पानी के भीतर बने इन अनजाने और गहरे गड्ढों के कारण कोई भी श्रद्धालु गहरे पानी में फंस सकता है या डूब सकता है. यदि समय रहते इन गड्ढों को ठीक नहीं किया गया, तो यहां किसी भी समय कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है. इतने संवेदनशील और खतरनाक स्थान पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं. घाट पर न तो कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है और न ही गहरे पानी वाले क्षेत्रों को चिह्नित करने के लिए बैरिकेडिंग की गई है. इसके चलते अनजान लोग और खासकर बच्चे अनजाने में इन गड्ढों के करीब जा रहे हैं, जो बेहद जोखिम भरा है. लोगों ने मांग की है कि तत्काल समतलीकरण कर घाट के किनारे बने खतरनाक गड्ढों को तुरंत मिट्टी या मलबे से भरकर समतल किया जाए.

# राष्ट्र निर्माण और व्यवस्था परिवर्तन में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण

▸ आरएसएस के प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे ने पंच परिवर्तन के तहत नागरिक कर्तव्यों और सामाजिक समरसता पर दिया विशेष जोर



**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज जागरण के लिए पांच प्रमुख कार्यों को विशेष रूप से सामने रखा गया है, जिन्हें पंच परिवर्तन कहा जाता है। इसके अंतर्गत नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी जीवन शैली तथा सामाजिक समरसता जैसे विषयों को समाज के केंद्र में लाने का प्रयास किया जा रहा है। इन सभी क्षेत्रों में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि समाज का मार्गदर्शक और संस्कारदाता भी होता है। विद्यार्थी अपने शिक्षक के केवल कथन को नहीं सुनता, बल्कि उसके व्यवहार और व्यक्तित्व का भी अनुकरण करता है। इसलिए शिक्षकों को समाज में आदर्श आचरण प्रस्तुत करना होगा।

यह सारगर्भित मार्गदर्शन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत के प्रांत कार्यवाह विनीत लक्ष्मण नवाथे ने दिया। वे लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति द्वारा आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग 2026 के छठे दिन के द्वितीय सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। व्यवस्था परिवर्तन में शिक्षक की भूमिका विषय पर आयोजित इस सत्र का शुभारंभ संगठन मंत्र एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सत्र का संचालन सुनील शर्मा ने किया। मंच पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकमान्य तिलक शिक्षण समिति के अध्यक्ष वरुण गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी गिरीश भालेराव एवं कार्यक्रम के संयोजक व लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शैलेष त्रिपाठी मंचासीन रहे।मुख्य वक्ता नवाथे ने सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज में जातिगत भेदभाव, छुआछूत और व्यक्तिगत अहंकार सामाजिक एकता में बाधक हैं।

### ▸ प्रकृति के प्रति सहज होवे

पर्यावरण और नागरिक कर्तव्यों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति संवेदनशील व्यवहार आज की महती आवश्यकता है। हमें जल, भूमि, वन और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प भाषणों से नहीं, बल्कि अपने आचरण से देना होगा। मनुष्य और पशु में सबसे बड़ा अंतर विवेक और अनुशासन का है। समाज में व्यवस्थाएं केवल कानूनों से नहीं, बल्कि नागरिकों के श्रेष्ठ आचरण और जिम्मेदार व्यवहार से निर्मित होती हैं।



## नवाखेड़ा में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित

**उज्जैन।** जन अभियान परिषद नव अंकुर समिति ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से नवाखेड़ा स्थित संस्कार केंद्र में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को संस्कार, शिक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में प्रेरित किया गया। इसके पश्चात ग्राम राघव पिपलिया में संचालित नर्सरी का अवलोकन किया गया। नर्सरी में नए पौधों के रोपण हेतु बेलपत्र के पौधों के बीच स्थान निर्धारित करने तथा पर्यावरण को शुद्ध एवं संतुलित बनाने के उद्देश्य से बेलपत्र के बीजों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान समिति के साथ आगामी गतिविधियों एवं योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। नव अंकुर संस्था की अध्यक्ष करुणा शितोले ने विभिन्न कार्यक्रमों के प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए मार्गदर्शन दिया। बैठक के उपरांत समिति द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत जामुन का पौधा रोपित किया गया। नर्सरी एवं पौधों के संरक्षण का दायित्व श्रीराम पाटीदार द्वारा प्रतिदिन निभाया जाएगा। समिति अध्यक्ष मनोज पाटीदार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित श्रमदान, जल संरक्षण अभियान, पानी बचाओ रैलियों एवं जनजागरण कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामवासियों को जागरूक किया जाएगा।



## फिरोजिया फुटबॉल ट्रॉफी 2026 का भव्य शुभारंभ

**उज्जैन** में आयोजित फिरोजिया फुटबॉल ट्रॉफी 2026 के शुभारंभ अवसर पर स्वर्गीय भूरेलाल फिरोजिया (पूर्व विधायक एवं मीसा बंदी) के चित्र पर मालार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सांसद अनिल फिरोजिया ने खिलाड़ियों से परिचय एवं संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा खेल भावना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात फुटबॉल को किक मारकर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों में विशेष उत्साह एवं उमंग का वातावरण देखने को मिला।

फिरोजिया फुटबॉल ट्रॉफी 2026 क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और युवाओं को खेलों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51,000 एवं उपविजेता टीम को 21,000 की पुरस्कार राशि के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मैन ऑफ द मैच, बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट स्कोरर सहित अन्य आकर्षक पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए जाएंगे।

पहला मुकाबला नैशनल फुटबॉल क्लब महू विरुद्ध अहीर यूनिवर्सल फुटबॉल क्लब नीमच के मध्य खेला गया जिसमें नैशनल फुटबॉल क्लब महू 1-0 से विजयी रही टीम की ओर से विजयी गोल जर्सी नॉ 12 प्रियांशु चोपड़ा ने माराआज का दूसरा मैच लेक सिटी भोपाल विरुद्ध ए यूनियन नीमच के मध्य खेला गया जिसमें नीमच 4-2 से विजयी रही विजयी टीम की ओर से जर्सी नॉ 09 हर्ष राज ने एक गोल,जर्सी नॉ 14 साहिल

अब्बासी ने दो गोल एवं जर्सी नॉ 15 मो.रोशन ने एक गोल दागा स्पर्धा के सफल संचालन हेतु मप्र मैच कमिश्नर के तौर पर अमित शुक्ला तथा निर्णायकों की भूमिका में शिवम नंदराज,उत्तम गुप्ता,मुकेश तेलाशी,अंजल सिंह ठाकुर,नितेश मरावी एवं राजेश चौहान नियुक्त किए गए।प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नीमच एवं महू की टीमों के मध्य खेला गया, जिसमें महू की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मुकाबले में नीमच एवं भोपाल की टीम आमने-सामने रहीं, जिसमें नीमच की टीम ने बेहतरीन तालमेल, रणनीति एवं खेल कौशल का परिचय देते हुए विजय प्राप्त की।

## क्षीरसागर स्थित 500 साल पुराने शेषनारायण मंदिर में लगा छप्पन भोग



**उज्जैन।** सनातन धर्म के पवित्र अधिक मास का सोमवार को उत्साह और धर्ममय माहौल के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर क्षीरसागर स्थित अवंतिका के अति प्राचीन शेषनारायण मंदिर में शुक्ला परिवार द्वारा भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। भगवान शेषनारायण को 56 से अधिक प्रकार के व्यंजनों का नैवेद्य अर्पण कर महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर सुख-समृद्धि की कामना की।

अधिक मास के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में बीते एक माह से धार्मिक अनुष्ठान जारी थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रतिदिन भगवान शेषनारायण के दर्शन लाभ लेने के साथ ही पंडित विशाल लक्ष्मीकांत शुक्ला के मुखारविंद से भागवत कथा का रसपान किया। सोमवार को कथा और अधिक मास दोनों का विधिवत समापन अन्नकूट महोत्सव के साथ किया गया।

**नौ ग्रहों की होती है शांति**- बाबा महाकाल की नगरी अपने प्राचीन और आध्यात्मिक मंदिरों के लिए विश्वविख्यात है। यहां भगवान विष्णु के नौ विभिन्न स्वरूपों को समर्पित नौ नारायण मंदिरों की यात्रा का विशेष महत्व है। क्षीरसागर स्थित शेषनारायण मंदिर इन्हीं नौ नारायण में से एक है। धार्मिक मान्यता है कि इन मंदिरों के दर्शन मात्र से नौ ग्रहों की शांति होती है और जीवन में सुख-समृद्धि आती है।

## श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**उज्जैन। श्री सिंथेटिक्स कर्मचारी कांग्रेस द्वारा कर्मचारियों के लंबित भुगतान एवं श्री सिंथेटिक्स की भूमि पर प्रस्तावित वन विभाग की परियोजना के विरोध में बुधवार को रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों ने सरकार से शीघ्र बकाया भुगतान कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। रैली शहीद पार्क से प्रारंभ होकर टावर चौक पहुंची, जहां कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।**

प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने कहा कि वर्ष 2006 में श्री सिंथेटिक्स कंपनी बंद होने के बाद से वे लगातार अपने बकाया भुगतान की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ऑर्गेनाइजिंग मजदूर कांग्रेस के शहर अध्यक्ष एवं रैली संयोजक प्रकाश सोलंकी ने बताया कि समाचार पत्रों के माध्यम से जानकारी मिली है कि श्री सिंथेटिक्स की लगभग 115 हेक्टेयर भूमि पर वन विभाग द्वारा एक परियोजना प्रस्तावित की गई है। यह भूमि वर्तमान में कोलकाता हाईकोर्ट द्वारा नियुक्त लिक्विडेटर के अधीन है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका लंबित हिसाब-किताब और बकाया भुगतान नहीं किया जाता, तब तक प्रस्तावित परियोजना का विरोध जारी रहेगा। कर्मचारियों ने कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ते-लड़ते कई कर्मचारी इस दुनिया से विदा हो चुके हैं। लेकिन आज भी उनके परिवारजन, पत्नियां और आश्रित इस आंदोलन में शामिल होकर न्याय की मांग कर रहे हैं। रैली के दौरान कर्मचारियों ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा तथा भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

ज्ञापन कलेक्टर के प्रतिनिधि को सौंपा गया। प्रतिनिधि ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग मुख्यमंत्री तक पहुंचाई जाएगी। ज्ञापन कार्यक्रम में कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रतिपक्ष रवि राय, रंजीत बोराणा, शरद खान बाजपेई, गोपाल महेश्वरी, बहादुर थापा, रामचंदन चौधरी, रतन सिंह हरा, शिवाजी राव शिंदे, राजेश भावसार, राजेश समेले, शीतल राठौर, प्रभुनाथ यादव, कैलाश सिंह धवन, गोविंद सांखला सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, बड़ी संख्या में कर्मचारी, स्टाफ, सुरक्षा कर्मी एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

## थानों में चली तबादलों की आंधी, एक साथ 165 बदल डाले

**इंदौर.** शहर की पुलिस व्यवस्था में बड़े स्तर पर फेरबदल करते हुए 165 अधिकारी व कर्मचारियों के तबादले कर दिए हैं. इससे शहर की पुलिसिंग का पूरा समीकरण बदल गया है और थानों में नई बिसात जमने जा रही है.

पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) द्वारा जारी आदेश में सभी को तत्काल प्रभाव से नई पदस्थापना पर ज्वाइन करने के निर्देश दिए हैं. इस बड़े फेरबदल में मल्हारगंज, एरोड्रम, गांधीनगर, सदरबाजार, राजेंद्रनगर, आजादनगर, तेजाजीनगर, राऊ, परदेशीपुरा, विजयनगर, लसूड़िया, कनाड़िया, खजराना, तिलकनगर, पंढरीनाथ, संयोगितागंज, बाणगंगा, हीरानगर, पलासिया, एमआईजी, कोतवाली, एमजी रोड, छोटी ग्वालटोली, चंदननगर, भंवरकुआं, सराफा, रावजी बाजार सहित लगभग सभी प्रमुख थानों में बदलाव किया गया है. इसके अलावा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को रक्षित केंद्र, अपराध शाखा, यातायात और आसूचना इकाई में भी पदस्थ किया है. वहीं महिला थाना स्टाफ में भी आंशिक बदलाव किया है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक यह ताबड़तोड़ तबादले प्रशासनिक जरूरत और कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं. लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे स्टाफ को हटाकर नए स्थानों पर भेजा गया है, जिससे अपराध नियंत्रण और बेहतर निगरानी में मदद मिलेगी.

## 50 वर्ष में 5000 भक्तों को कराए महाकाल दर्शन

▸ पं. मुस्तफा आरिफ का सम्मान करेगी महाकाल सेना

**उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को निशुल्क दर्शन और भस्म आरती की सुविधा उपलब्ध कराने वाले आध्यात्मिक रचनाकार और वरिष्ठ पत्रकार पं. मुस्तफा आरिफ का महाकाल सेना जल्द ही सम्मान करेगी। उन्होंने विगत 50 वर्षों की नि:स्वार्थ सेवा के दौरान 5000 श्रद्धालुओं को बाबा महाकाल के दर्शन कराने का ऐतिहासिक मुकाम हासिल किया है।**

महाकाल सेना के प्रमुख महेश पुजारी ने बताया कि 1985 से शुरू हुई इस सेवा के तहत पिछले सोमवार को उदयपुर से आए श्रद्धालु अभिनंदन को दर्शन कराने के साथ ही 5000 भक्तों को दर्शन कराने का यह पुनीत अनुष्ठान पूरा हो गया। उज्जैन आने के इच्छुक श्रद्धालु जब उनसे संपर्क करते हैं, तो वे स्थानीय संपर्कों और मंदिर प्रशासन से जुड़े सेवकों के सहयोग से बिना किसी शुल्क के उनके दर्शन की व्यवस्था करवाते हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर महाकाल सेना उनका अभिनंदन करेगी।

गीता भारती की कर चुके हैं रचना

पं. मुस्तफा आरिफ ने हाल ही में भगवद गीता पर आधारित गीता भारती की रचना की है, जिसमें उन्होंने गीता के 700 श्लोकों का 786 हिंदी मुक्तकों में रूपांतरण किया है।



पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल स्थित निवास पर इसका लोकार्पण करते हुए इस प्रयास को अदभुत और अनुकरणीय बताया था।

सिंहस्थ में मिली थी पंडित की उपाधि- पंडित मुस्तफा आरिफ वर्तमान में महाकाल सेना के आजीवन संरक्षक हैं। वे पूर्व में महाकालेश्वर मंदिर की प्रशासनिक समिति से संबद्ध प्रचार-प्रसार समिति के सदस्य भी रह चुके हैं। बाबा बाल हनुमान मंदिर के ब्रह्मलीन शांतु गुरु महाराज ने उन्हें मंदिर का आजीवन प्रचार प्रभारी बनाया था। इसके अलावा 1992 के सिंहस्थ में भानपुरा पीठ के ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी दिव्यानंद जी तीर्थ ने उन्हें पंडित और परशुरामश्री की उपाधि से विभूषित किया था।



## मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जन जागरण पखवाड़े का समापन

**उज्जैन।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की प्रदेश कमेटी के द्वारा लिए गए निर्णय के मुताबिक जनजागरण पखवाड़े का आयोजन किया गया। इसी के तहत उज्जैन में भी इस अवधि में नुक्कड़ मीटिंगों का आयोजन किया गया। जिसमें आमजन को केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से वाकिफ करवाया गया।साथ ही मांग की गई कि मनरेगा को बहाल किया जाए। न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए तय किया जाए।ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों से विस्थापन रोका जाए। बेकारी खत्म। करने हेतु रोजगार बढ़ाया जाए।महंगाई पर रोक लगाई जाए। आउट सोर्स कर्मचारी पद्धति खत्म करने हेतु ठेका प्रथा खत्म की जाए।यह जानकारी देते हुए कॉमरेड बालकिशन ने बताया कि पखवाड़े समापन के अवसर पर क्षीरसागर कॉलोनी स्थित मजदूर सभा के ऑफिस ओर नारेबाजी करने के बाद गांधीउद्यान में गांधी प्रतिमा के समक्ष जनहित में लगातार संघर्ष का संकल्प किया गया।

## अब शहर में आधी रात को भी महफूज रहेंगी बेटियां

**पुलिस का ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट शुरू**

**ड्रोन निगरानी और महिला पेट्रोलिंग से बढ़ाई सुरक्षा**

नव भारत न्यू ज

**इंदौर.** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है. पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह के निर्देश पर शहर में ऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइट चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत देर रात तक शहर के प्रमुख मॉल, बाजार और संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी के साथ महिला पुलिस बल की तैनाती बढ़ा दी गई है.

इस विशेष अभियान का उद्देश्य रात के समय बाहर निकलने वाली महिलाओं और युवतियों को सुरक्षित माहौल देना है. इसके तहत शहर के भीड़भाड़ वाले बाजारों, पब रेस्टोरेंट, प्रमुख चौराहों और डार्क स्पॉट्स को चिन्हित कर सख्त निगरानी रखी जा रही है. ऑपरेशन के दौरान ड्रोन कैमरों के जरिए चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है, वहीं जमीन पर महिला पुलिस की टीमें पैदल गश्त और बाइक पेट्रोलिंग कर रही हैं. संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है.



## महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी व बलशाली बनें बच्चें

**उज्जैन।** आरोग्य भारती मालवा प्रांत उज्जैन महानगर एवं ग्रामीण इकाई द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नागेश्वर धाम में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बालक-बालिकाओं को महाराणा प्रताप की तरह पराक्रमी, शौर्यवान और बलशाली बनने का संदेश देते हुए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

विश्व योग सप्ताह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में योग शिक्षक विनोद मुंड ने बच्चों को विभिन्न योगासन सिखाए और शरीर को मजबूत व निरोगी रखने के गुर बताए। आरोग्य भारती ग्रामीण के जिलाध्यक्ष एसपी अहिरवार ने बताया कि बाल सभा के माध्यम से बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

एक नजर ▸ शनि की दृष्टि से बाजार मौसम और वैश्विक राजनीति में मचेगी उथल-पुथल

## मंगल 21 जून को करेगा वृषभ राशि में प्रवेश

**उज्जैन।** वर्ष 2026 के उत्तरार्ध की शुरुआत बड़े और संवेदनशील ज्योतिषीय बदलाव के साथ होने जा रही है। ग्रहों के सेनापति मंगल 21 जून को मेष से वृषभ राशि में गोचर करेंगे। मंगल देव इस राशि में 1 अगस्त तक विराजमान रहेंगे। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के प्रख्यात ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के अनुसार वृषभ राशि में मंगल पर न्याय के देवता शनि देव की दृष्टि रहेगी। ज्योतिष शास्त्र में शनि और मंगल के इस संबंध को बेहद प्रभावशाली माना गया है। इसका सीधा असर वैश्विक अर्थव्यवस्था, कृषि, अंतरराष्ट्रीय संबंधों और आम जनजीवन पर दिखाई देगा।

### ▸ मौसम का मिजाज बिगड़ेगा, कृषि क्षेत्र में बढ़ेगी चुनौती

वृषभ एक पृथ्वी तत्व की राशि है जिसका सीधा संबंध कृषि और प्रकृति से है। इस गोचर के प्रभाव से मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। देश और दुनिया के कुछ क्षेत्रों में अच्छी बारिश होगी, जबकि कुछ हिस्सों में सूखे या अतिवृष्टि जैसी असंतुलन की स्थिति बन सकती है। किसानों को अपनी फसलों को बचाने के लिए वैज्ञानिक और पारंपरिक तरीकों का उपयोग कर जल संरक्षण व फसल प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा।

**बाजार में रहेगा भारी उतार-चढ़ाव**-वृषभ राशि को धन और संसाधनों का भाव माना ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास ने बताया कि मंगल के इस गोचर पर शनि की दृष्टि वैश्विक स्तर पर आर्थिक दबाव बढ़ा सकती है। खाद्यान्न, सोना, चांदी, तांबा, क्रूड ऑयल और सीमेंट-सरिया के दामों में अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। निवेशकों को बाजार में सट्टेबाजी या जल्दबाजी में निवेश से बचना चाहिए। अल्पकालिक लाभ की जगह दीर्घकालिक निवेश पर ध्यान देना फायदेमंद रहेगा।

**सीमा पर बढ़ेगा तनाव और कूटनीति की होगी परीक्षा**- ज्योतिषीय ग्रंथों में मंगल और शनि के संबंध को संघर्ष और शक्ति प्रदर्शन का कारक माना गया है। ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्णशंकर व्यास के मुताबिक इस अवधि में विभिन्न राष्ट्रों के बीच आपसी तनाव और सीमा विवाद की घटनाएं बढ़ सकती हैं। वैश्विक मंचों पर आंतरिक सुरक्षा और सामरिक नीतियों पर गहन चर्चा होगी। युद्ध जैसी स्थितियों को टालने के लिए देशों के बीच कूटनीतिक प्रयासों में तेजी लानी पड़ेगी।